# तीनधाम- नेपाल (काठमाण्डु) गयाजी, गंगासागर, सप्तपुरी एवं 11 ज्योर्तिलिंग तीर्थयात्रा विवरणावली

| स्टेशन | दिनांक | दिनांक | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|---|
| ह0निजामुद्दीन (दिल्ली) | 18.05.2020 | 06.07.2020 | ह0निजामुद्दीन (दिल्ली) रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुभ प्रस्थान। |
| ❑ उज्जैन (सप्तपुरी) | 19.05.2020 | 07.07.2020 | क्षिप्रा स्नान, महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, बड़ा गणेश मन्दिर, हरिसिद्धि मन्दिर, सन्तोषी माता मन्दिर। |
| ❑ ओंकारेश्वर | 20.05.2020 | 08.07.2020 | ओंकारेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, नर्वदा नदी का स्नान। (यात्री बस द्वारा उज्जैन से ओंकारेश्वर जायेंगे)। |
| ❑ द्वारिकापुरी धाम | 22.05.2020 | 10.07.2020 | गोमती गंगा स्नान, समुद्र स्नान, द्वारिकाधीश मन्दिर, रूक्मणी मन्दिर, नागेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन, गोपी तालाब। |
| ❑ भेटद्वारिका(सप्तपुरी) | 22.05.2020 | 10.07.2020 | भेट द्वारिका, श्री कृष्ण महल। |
| ❑ सोमनाथ | 23.05.2020 | 11.07.2020 | त्रिवेणी संगम स्नान, सोमनाथ महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, परमधाम गमन, कामनाथ महादेव। |
| ❑ भीमाशंकर | 25.05.2020 | 13.07.2020 | भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग दर्शन, (पूना से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| ❑ नासिक | 26.05.2020 | 14.07.2020 | गोदावरी गंगा स्नान, कालाराम मन्दिर, सीता गुफा, मारीच गुफा, त्र्यम्बकेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन, (मनमाड से बस द्वारा प्रस्थान)। |
| ❑ औरंगाबाद (घुश्मेश्वर) | 27.05.2020 | 15.07.2020 | घुश्मेश्वर महादेव ज्योर्तिलिंग दर्शन। |
| ❑ तिरुपति बाला जी | 29.05.2020 | 17.07.2020 | तिरुपति बाला जी (तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है।) बस द्वारा। (तिरुपति बाला जी दर्शनार्थ यात्री अपने साथ में आधार कार्ड की मूल प्रति अवश्य साथ लावें।) |
| कन्याकुमारी | 30.05.2020 | 18.07.2020 | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय अथवा सूर्य अस्त के दर्शन, हिन्द बंगाल, अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान। (स्टेशन से मन्दिर की दूरी 1 मील है।) |
| मदुरई | 31.05.2020 | 19.07.2020 | मीनाक्षी देवी मन्दिर, सुन्दरेश्वर महादेव मन्दिर दर्शन। |
| रामेश्वरम् धाम | 01.06.2020 | 20.07.2020 | समुद्र स्नान, रामकुण्ड, सीताकुण्ड, राम झरोखा मन्दिर दर्शन, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग दर्शन। (स्टेशन से मन्दिर की दूरी 1 मील है।) |
| चेन्नई | 02.06.2020 | 21.07.2020 | कपिलेश्वर महादेव मन्दिर, पार्थ सारथी मन्दिर। |
| ❑ मल्लिकार्जुन | 03.06.2020 | 22.07.2020 | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन (बस द्वारा विजयवाड़ा से प्रस्थान) |
| जगन्नाथ पुरी धाम | 05.06.2020 | 24.07.2020 | जगन्नाथ मन्दिर, सिंहद्वार, अश्वद्वार, सागर स्नान। (मन्दिर की दूरी स्टेशन से केवल एक मील। |
| ❑ गंगासागर | 06.06.2020 | 25.07.2020 | गंगा सागर महातीर्थ स्नान, कपिलदेव भगवान के दर्शन (कोलकाता से बस द्वारा गंगासागर प्रस्थान)। |
| ❑ कोलकाता | 07.06.2020 | 26.07.2020 | गंगा स्नान, काली देवी मन्दिर, हावड़ा ब्रिज, विक्टोरिया मेमोरियल। |
| ❑ नेपाल (काठमाण्डु) | 08.06.2020से | 27.07.2020से | 08 जून /27 जुलाई को दोपहर भोजन बाद रक्सौल से बस द्वारा काठमाण्डु के वास्ते प्रस्थान। |
| (विदेश यात्रा) | 11.06.2020तक | 30.07.2020तक | 10 जून/ 29 जुलाई को दोपहर भोजन बाद पशुपतिनाथ दर्शन, बागमति गंगा स्नान, स्वयंभू, बूढ़ा नीलकण्ठ आदि दर्शन करते हुए काण्ठमाडु से प्रस्थान। |
| ❑ परली बैजनाथ | 12.06.2020 | 31.07.2020 | परली बैजनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन । |
| गयाजी | 13.06.2020 | 01.08.2020 | फल्गू स्नान, विष्णुपद, पिण्डदान भूमि में पिण्ड प्रदान। |
| ❑ वाराणसी (सप्तपुरी) | 14.06.2019 | 02.08.2020 | गंगास्नान, काशीविश्वनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन, अन्नपूर्णा मन्दिर, तुलसी मानस मन्दिर दर्शन। |
| ❑ इलाहाबाद | 15.06.2020 | 03.08.2020 | त्रिवेणी संगम स्नान, अक्षयवट, पुराना किला, हनुमान मन्दिर ( वाराणसी से बस द्वारा) |
| ❑ अयोध्या (सप्तपुरी) | 16.06.2020 | 04.08.2020 | सरयू स्नान, रामजन्म भूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, सीता रसोई, मनीराम छावनी। |
| हरिद्वार (सप्तपुरी) | 17.06.2020 | 05.08.2020 | हरिद्वार में गंगा स्नान। |
| दिल्ली | 18.06.2020 | 06.08.2020 | दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा का समापन। |

*** विशेष नोटः वीडियों कैमरे द्वारा यात्रा स्थलों की यात्रियों सहित वीडियो शूटिंग**

**उत्तराखण्ड चार धाम यात्रा हेतु (2x2 बस द्वारा पूर्ण सुविधा सहित) उचित व्यवस्था।**

**उद्देश्य :** हमारी यात्रा संस्था का उद्देश्य बुजुर्ग यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करके सेवाभावना से यात्रा कराके धर्म कमाना है ना कि नकली यात्रा कराके व धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करके पाप कमाना।

**यात्रा का किराया :** द्वितीय श्रेणी के थ्री-टायर शयनयान का किराया, बस, स्टीमर, चाय, नाश्ता, भोजन सहित लोअर सीट 40001/-रुपया, मिडिल व अपर सीट 39001/- रुपया होगा तथा यात्रा की सदस्यता हेतु अग्रिम धनराशि हेतु 2001 प्रती यात्री जमा करवाकर अपनी सीट बुक करवा सकते है, शेष धनराशी का 50 प्रतीशत यात्रा शुरु होने से 12 दिन पहले जमा करवाना अनिर्वाय होगा, बाकी शेष राशी दिल्ली पहुंचने पर गाडी में बैठने के बाद ली जाऐगी। नगद रूपया प्राप्त होते ही रसीद भेज दी जायेगी। यदि कोई यात्री अपनी सीट बुक कराकर किसी कारणवश सीट कैन्सिल करवाना चाहे तो यात्रा की रवानगी की तारीख को छोड़कर उसके 12 दिन पूर्व तक हैड ऑफिस ऋषिकेश/बुकिंगकर्ता को लिखित सूचना देने पर सीट कैन्सिल कर दी जायेगी तथा अग्रिम धनराशि वापिस कर दी जायेगी।

**यात्रियों से निवेदन हैं कि अपना असली फोटो युक्त पहचान पत्र एवं आधार कार्ड अवश्य साथ लायें।**

**इस संस्था** के माध्यम से जो भी यात्री इसी यात्रा काल के दौरान बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री के वास्ते जाना चाहेगा। तो ऐसे यात्रियों से प्रति यात्री 16000/- (सोलह हजार रुपये) अतिरिक्त लिया जायेगा। इस उत्तराखण्ड के चार धाम की यात्रा में दस दिन का समय अतिरिक्त लगेगा। यात्रा काल के दौरान यात्रियों को रात्रि विश्राम हेतु प्रत्येक यात्री को एक पलंग-बिस्तर सहित धर्मशाला अथवा गेस्ट हाउस में दिया जायेगा। यात्री के स्वयं के खर्चे पर घोड़ा-पालकी आदि की व्यवस्था की जा सकती है। यमुनोत्री में वर्तमान में 8 किमी के वास्ते हल्के वाहन जीप आदि की व्यवस्था संस्था के खर्चे पर उपलब्ध होगी। बाकि 6 किमी पैदल यात्रा रहेगी, केदारनाथ में लगभग 18 किमी पैदल यात्रा रहेगी।

ऐसे यात्री जो इस उत्तराखण्ड की यात्रा में जा रहे हैं । उन यात्रियों को यात्रा काल की समाप्ति के पश्चात रेल्वे के रिजर्व टिकट (स्लीपर क्लास) या बस के द्वारा यात्रियों को उनके गन्तव्य स्थान पर वापिस भिजवा दिया जायेगा । जो यात्री उत्तराखण्ड की यात्रा पर जाऐंगे उन यात्रियों की यात्रा जिस दिन रेलगाडी हरिद्वार पहुंचेगी उसके बाद प्रारम्भ होगी। रेलवे की रिजर्व बोगी को रोका नहीं जायेगा। अपितु यात्रियों का अतिरिक्त सामान प्रबन्धक की जिम्मेदारी पर सुरक्षित स्थान पर रखवा लिया जायेगा। शेष सुविधायें उसी प्रकार रहेंगी ।

**घूमने के लिए बसों की व्यवस्था :** ❑ चिन्हित स्थानों पर बसों की व्यवस्था संस्था के द्वारा होगी। यह बस यात्रियों को  रेलवे स्टेशन से मन्दिर तक ले जायेगी तथा वहां से घुमाकर वापिस स्टेशन पर लायेगी। जिन स्थानों पर ❑ का निशान नहीं है वहाँ पर मन्दिरों की स्टेशन से दूरी नगण्य है इसलिए यात्री पैदल अथवा रिक्शे से वहाँ जा सकते हैं। इस प्रकार यात्रियों को पैदल बहुत कम चलना पड़ेगा।

**भोजन एवं चाय नाश्ता :** यात्रियों के लिए यात्रा काल में सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन में एक दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी का पूरा प्रबन्ध होगा। शाम को चाय दी जायेगी। रोटी, दाल एवं चावल में देशी घी का प्रयोग होगा। चावल देहरादूनी बासमती दोनों समय बनाया जायेगा। समय की उपलब्धता के आधार पर यात्रियों को अचार, पापड़ भी भोजन के साथ दिया जायेगा। प्याज व लहसुन का प्रयोग वर्जित होगा। भोजन, लकड़ी के चूल्हे में शुद्ध शाकाहारी बनाया जायेगा। यात्राकाल के दौरान लगभग 28 दिन बैड टी दी जायेगी। भोजन हेतु बर्तन अथवा डिस्पोजल की व्यवस्था संस्था द्वारा होगी।

**आवश्यक सामान सुविधा: फोटो:** यात्री अपने साथ एक पासपोर्ट साइज का फोटो व पहचान पत्र और आधार कार्ड की फोटो कापी व ऑरिजनल साथ में अवश्य लावें। कृपया प्रत्येक यात्री अपने साथ में एक गिलास, एक चम्मच, प्लास्टिक की बाल्टी, मग्गा, टार्च व एक प्लास्टिक का मोमजामा 3X3 फुट का कपड़े धोने व नहाने के वास्ते व एक प्लास्टिक की रस्सी व पानी की बोतल अवश्य साथ में लायें।

**सुरक्षा एवं शयन सुविधा :** यात्रियों के सामान की सुरक्षा, चाय, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था व घुमाने के लिए कर्मचारियों सहित लगभग 16 व्यक्तियों का प्रबन्ध है तथापि प्रबन्धक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा। प्रत्येक यात्री को सोने के लिए पूरी बर्थ की व्यवस्था होगी। कम्पार्टमेन्ट में कोई तख्ता सीटों के बीच में नहीं लगाया जायेगा। प्रत्येक डिब्बा द्वितीय श्रेणी थ्री टायर स्लीपर क्लास होगा। यात्री स्पेशल यात्रा के वास्ते अपने साथ हल्का बिस्तर लायें।यात्राकाल के दौरान आर्थिक एवं शारीरिक क्षति के जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी ।

**सामान्य चिकित्सा एवं मोबाइल चार्जिंग सुविधा :** स्पेशल यात्रा में केवल सामान्य चिकित्सा की ही व्यवस्था होगी। जो यात्री नियममित रूप से दवाई लेते हैं वे यात्री कृपया अपनी दवाई 32 दिन की साथ में लावे। यात्रा काल में यात्री को आवश्यकता पड़ने पर यात्री के स्वयं के खर्चे पर अस्पताल/डाक्टर की व्यवस्था संस्था करायेगी। यात्रा काल में आकस्मिक दुर्घटना व प्राकृतिक आपदा के लिये यात्री स्वयं जिम्मेदार होगे।प्रत्येक डिब्बे में प्रत्येक केबिन में मोबाइल चार्ज हेतु बोर्ड लगा होंगा परन्तु मोबाइल सुरक्षा की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी ।

**वृद्धजन व अकेली महिला :** इस स्पेशल यात्रा में अकेले वृद्धजन व महिलाएं भी आराम से यात्रा कर सकती हैं। चूंकि स्पेशल तीर्थ यात्रा में किसी भी प्रकार का अकेलापन महसूस नहीं होगा। यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना संभावित है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. यदि कोई यात्री अपनी सीट बुक कराकर किसी भी कारणवश सीट कैंसिल करवाना चाहे तो यात्रा की रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 12 दिन पूर्व तक लिखित सूचना देने पर सीट कैंसिल कर दी जायेगी और अग्रिम धनराशि वापिस कर दी जायेगी। रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 12 दिन पूर्व तक लिखित सूचना प्राप्त नहीं होने पर अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। व बुकिंग यदि यात्रा दिनांक को छोड़कर अन्तिम 12 दिनों में ही की गई है व वापस सीट केन्सिल यात्री करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नही की जायेगी।यदि यात्री ने सीट बुक करवायी है व यात्रा दिनांक से पांच दिन पूर्व तक किसी भी आकस्मिक कारणों से अपनी यात्रा का कार्यक्रम रद्द करता है तो ऐसी स्थिति में यात्रा कार्यक्रम के रद्द करने की सूचना हर हालत में टेलीफोन अथवा लिखित में हैड ऑफिस ऋषिकेश या बुकिंग कर्ता को देनी होगी अन्यथा सूचना नहीं मिलने पर यात्री की बुकिंग यात्रा के लिए मानी जायेगी व यात्रा संस्था यात्री से कानूनी तौर पर पूरा किराया लेने की हकदार होगी। इसमें कोई रियायत नहीं दी जायेगी।
2. रेलवे विभाग द्वारा स्पेशल यात्रा के वास्ते जो भी नियम बनाये गये हैं (सामान के वास्ते व रेलवे टाईम टेबिल के वास्ते) उनका पूर्ण रूप से यात्रियों को पालन करना अनिवार्य होगा। संस्था को पूर्ण अधिकार होगा वह तीर्थों को सुविधानुसार आगे–पीछे कर सकता है। प्रत्येक विवाद का न्यायक्षेत्र केवल ऋषिकेश (देहरादून) होगा। उपभोक्ता समिति के अन्तर्गत आने वाले विवाद का भी न्यायक्षेत्र ऋषिकेश (देहरादून) ही होगा।
3. यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को प्रबन्धक की तरफ से केवल घर पहुंचाने हेतु रेलवे का द्वितीय श्रेणी का टिकिट ही दिया जायेगा। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा। यह व्यवस्था केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी।
4. यदि हमारी यह स्पेशल तीर्थयात्रा रेलगाड़ी किन्हीं तकनीकी कारणों से गन्तव्य स्थल पर देरी से पहुंचती है तो ऐसी स्थिति में मैनेजर द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थतियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। संक्रामक रोगी, मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले व झगड़ालू प्रवृत्ति के यात्रियों को यात्रा से पृथक करने का पूर्ण अधिकार प्रबंधक के पास होगा।
5. **यात्री अपने साथ असली फोटो युक्त पहचान पत्र तथा आधार कार्ड भी अवश्य साथ लायें।**
6. मुद्रण में किसी भी प्रकार की त्रुटि के वास्ते क्षमा करें।

## विशेष विवरण

- यदि कोई यात्री हवाई जहाज द्वारा (नेपाल बार्डर) से काठमाण्डु के वास्ते आना अथवा जाना चाहेगा तो (एक तरफ का) प्रतियात्री **2800/** रूपये किराया अतिरिक्त देकर काठमाण्डु के वास्ते जा अथवा आ सकता है। नेपाल काठमाण्डु में रात्रि विश्राम की व्यवस्था गेस्ट हाऊस/होटल में संस्था की तरफ से होगी जो किराया में सम्मिलित है। हवाई जहाज की सुविधा उड़ान की स्थिति पर निर्भर करेगी।
- यदि किसी यात्री को अन्य कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो उनसे निवेदन है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण के वास्ते ऋषिकेश हैड-ऑफिस पर पत्र डालें ताकि उनके पत्रों का जवाब शीघ्र दिया जा सके।
- अन्य संस्था की तरह हमारी स्पेशल यात्रा कभी रद्द नहीं हुई हैं। निश्चित रूप से 18.05.2020/06.07.2020 को ही जायेगी। हमारी विवरणावली में लिखे सभी तीर्थों के दर्शन निश्चित रूप से कराये जायेंगे।
- पत्र व्यवहार करते समय यात्रीगण अपना नाम, पूरा पता तथा टेलीफोन नम्बर का भी उल्लेख करें ताकि जरूरत पड़ने पर टेलीफोन पर सम्पर्क स्थापित किया जा सके। सीट की बुकिंग कराते समय यात्रियों को अपना पूरा नाम, उम्र तथा पूरा पता टेलीफोन का भी उल्लेख करें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक यात्री अपने साथ में एक पासपोर्ट साईज का फोटो अवश्य लावे जिससे रेलवे के नियमों के अनुरूप यात्री का पहचान पत्र बनवाया जा सके। पहचान पत्र बनवाने की जिम्मेदारी संस्था की होगी।
- दिल्ली से बाहर निवास करने वाले यात्रियों से निवेदन है कि दिनांक 18.05.2020/06.07.2020 को प्रातः 06 बजे से प्रातः 10 बजे तक हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 8 पर दोनों पुलों (ओवर ब्रिज) के बीच में आ सकते हैं। हमारे कार्यकर्ता यात्रियों का इन्तजार करते रहेंगे। दोपहर का भोजन यात्रियों को यात्रा संस्था की तरफ से दिया जायेगा। दोपहर का भोजन साथ में लेकर नहीं आयें। दिनांक 18.05.2020/06.07.2020 को दोपहर 12 बजे हमारी यह यात्रा ट्रेन ह० निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से उज्जैन के लिये प्रस्थान करेगी।